



# तार से गला कटने से बाइक सवार की मौत

## पंडोखर दर्शन कर लौट रहे पिता की बेटे के सामने गई जान, फूप थाना क्षेत्र की घटना



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 16 मई।** जिले के फूप थाना क्षेत्र में शनिवार को एक हृदयविदारक हादसे में बाइक सवार व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई। खेतों की सुरक्षा के लिए लगाए गए झटका मशीन के तार में गला उलझने से बाइक चालक का गला कट गया, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। हादसे के समय मृतक का बेटा भी बाइक पर साथ मौजूद था, जिसने अपने पिता को तड़पते हुए दम तोड़ते देखा।

**पंडोखर सरकार दर्शन कर लौट रहे थे पिता-पुत्र:** जानकारी के अनुसार, अवधेश यादव (51) पुत्र ओमप्रकाश यादव, निवासी नगला हार, जिला फिरोजाबाद (उत्तर प्रदेश) अपने बेटे नितिन यादव के साथ पंडोखर सरकार दर्शन करने आए थे। दर्शन के बाद दोनों बाइक से वापस अपने गांव लौट रहे थे।

**भदाकुर रोड पर हुआ हादसा:** इसी दौरान फूप थाना क्षेत्र के भदाकुर रोड पर खेतों की सुरक्षा के लिए लगाए गए झटका मशीन के तार की चपेट में दोनों आ गए। बताया जा रहा है कि सड़क किनारे फैला तार अचानक अवधेश यादव के गले में उलझ गया। तार की चपेट में आते ही उनका गला गंभीर रूप से कट गया और वह बाइक से नीचे गिर पड़े। अत्यधिक रक्तस्राव होने के कारण उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

**पिता को तड़पता देख बदहवास हुआ बेटा:** हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। पिता की आंखों के सामने दर्दनाक मौत देखकर बेटा नितिन बदहवास हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, वह काफी देर तक घटनास्थल पर रोता-बिलखता रहा।

**पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा:** घटना की सूचना मिलते ही फूप थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवाया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

**खेतों में फैले तार बने जानलेवा:** स्थानीय लोगों का कहना है कि खेतों की सुरक्षा के लिए लगाए जाने वाले झटका मशीन के खुले तार राहगीरों के लिए गंभीर खतरा बनते जा रहे हैं। प्रशासन से इस तरह के मामलों में सख्त निगरानी एवं कार्रवाई की मांग की जा रही है, ताकि भविष्य में ऐसे हादसों की पुनरावृत्ति न हो।

# मेटा एआई पर गलत जानकारी से समाजसेवी की छवि धूमिल

**मालनपुर के पत्रकार ने दी थाना प्रभारी को शिकायत, की कार्रवाई की मांग**

**नवभारत न्यूज**
**मालनपुर 16 मई।** सोशल मीडिया और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के दौर में गलत जानकारी अब लोगों के लिए सिरदर्द बनती जा रही है। ताजा मामला मालनपुर के समाजसेवी और पत्रकार बृजेंद्र पाल बंसल से जुड़ा है। श्री बंसल का कहना है कि मेटा प्लेटफॉर्म पर किन्हीं अज्ञात व्यक्तियों द्वारा उनके बारे में भ्रामक जानकारी अपलोड की गई है। इस गलत जानकारी में उन्हें ट्रांसपोर्ट, रेत-गिट्टी सप्लाई और खनिज कारोबार से जुड़ा हुआ बताया गया।

इतना ही नहीं उन्हें 12 मई 2026 को मालनपुर में खनिज विभाग की कार्रवाई के दौरान अधिकारियों के साथ में होना बताया हैद्य श्री बंसल ने बताया कि वे साफ स्वच्छ छवि और अच्छे परिवार से ताल्लुक रखते हैं, उनका और ना ही उनके परिवार का खनिज कारोबार रेत गिट्टी के व्यापार से कोई लेना-देना नहीं है, वह पूरी तरह समाजसेवा और एक अखबार के संवाददाता हैं। वे मजदूर सेवा संगठन, जिला भिंड के अध्यक्ष भी हैं। खनिज कारोबार से उनका कोई लेना-देना नहीं है। मेटा/एआई पर यह गलत जानकारी देखकर वे अचंभित रह गए। बंसल ने बताया कि वह किसी को व्हाट्सएप पर अपना नाम लिखकर भेज रहे थे तो वह गलती से मेटा /एआई व्हाट्सएप पर चला गया, मेटा द्वारा जो जानकारी दी गई उसे देखकर वह अचंभित है और दुखी है। इस तरह की जानकारी से उन्हें मानसिक तनाव हुआ है, इस संबंध में तत्काल उन्होंने थाना प्रभारी को लिखित शिकायत की है उन्होंने बताया जल्द ही साइबर सेल और वरिष्ठ अधिकारियों को भी शिकायत की जाएगी, उन्होंने शिकायत में उल्लेख किया है कि यह शरारत अज्ञात असामाजिक तत्व के लोगों द्वारा की गई है, शिकायत पर उन्होंने कार्रवाई की मांग की है। श्री बंसल ने कहा, 'किसी भी व्यक्ति की छवि को सोशल मीडिया पर गलत जानकारी डालकर खराब करना अपराध है। एआई भी कई बार बिना जांचे ऐसी जानकारी आगे बढ़ा देता है, जो घातक है। प्रशासन को इस पर रोक लगानी चाहिए। इस पूरे मामले में थाना प्रभारी ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही शिकायत पर कार्यवाही की जाएगी।

# वाहन चेकिंग अभियान, वसूला लगभग 4500 रुपये जुर्माना

## उप निरीक्षक के नेतृत्व में हुई कार्रवाई, यातायात नियमों की दी समझाइश



**नवभारत न्यूज**
**गोहद16 मई।** सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के पालन को सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से गोहद पुलिस द्वारा विशेष वाहन चेकिंग अभियान चौराहा रॉड पर रिलायन्स पेट्रोल पंप के पास चलाया गया। यह अभियान उप निरीक्षक रवि तोमर के नेतृत्व में प्रमुख चौराहों एवं व्यस्त मार्गों पर संचालित किया गया, जिसमें यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान पुलिस टीम ने दोपहिया एवं चारपहिया वाहनों की सघन जांच की। इस दौरान बिना हेलमेट वाहन चलाना, दस्तावेज अधूरे होना, सीट बेल्ट का उपयोग न करना तथा अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल 11 वाहन चालकों के खिलाफ चालानी कार्रवाई करते हुए लगभग 4500 रुपये का जुर्माना वसूला गया। उप निरीक्षक रवि तोमर ने वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने की समझाइश देते हुए कहा कि सड़क पर स्वयं की और दूसरों की सुरक्षा के लिए नियमों का पालन अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने दोपहिया वाहन चालकों से अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनने और चारपहिया वाहन चालकों से सीट बेल्ट लगाने की अपील की।

# भारत विकास परिषद शाखा गोहद अंतर्गत सेवा प्रकल्प में सेवा कार्य किया गया



**नवभारत न्यूज**
**गोहद, 16 मई।** सेवा प्रकल्प के द्वारा 35 से अधिक परिवारों के बीच प्रत्येक परिवार में एक राशन किट, सब्जियां, ठंडे पानी के लिए मिट्टी के घड़े इत्यादि का वितरण किया गया । मालनपुर के ग्राम तिलौरी के पास पहाड़ी पर बेस 35 आदिवासी सहरिया परिवारों, जो की अत्यंत कठिन संघर्षपूर्ण स्थिति में जीवन यापन कर रहे हैं ऐसे आदिवासियों के जीवन में सहयोग का बीड़ा भारत विकास परिषद शाखा गोहद ने उठाया द्य परिषद को सूचना मिलने पर, परिषद के सदस्यों ने इस बस्ती का सर्वे कर 35 परिवारों के नाम चिन्हित किए उसे बस्ती में जाकर उनकी खाने पीने के लिए राशन सब्जियां पानी पीने के खड़े इत्यादि उनके बीच वितरित किए इस पुनीत कार्य में नगर निरीक्षक मालनपुर अपने दल के साथ उपस्थित रहे साथ ही परिषद से समस्त पदाधिकारी गण, ब्रह्माकुमारी आश्रम से बहाने भाई कार्यक्रम के दौरान उपस्थित रहे कार्यक्रम में उपस्थित लोगों के द्वारा बस्ती में उपस्थित लोगों को प्रेरक संबोधन दिया एवं उन्हें भविष्य में उसे बस्ती के लिए आवश्यक सहयोग करने का आश्वासन दिया जिससे उनका जीवन स्तर सुधर जा सके। हाल ही में सड़क निर्माण कार्य में उसे बस्ती के लिए संचालित अस्थाई विद्यालय जो की एकमात्र शिक्षा का स्रोत था उसे बेदखल किया गया था द्य इसके पुनर्स्थापना के लिए प्रशासन से मदद मांगी गई साथ ही नगर परिषद सीएमओ रिहान अली एवं तहसीलदार राकेश श्रीवास्तव जी द्वारा उनके लिए रहने हेतु अस्थाई टेंट और खाने की व्यवस्था करने का आश्वासन दिया साथ ही नगर निरीक्षक श्री प्रदीप सोनी जी द्वारा विद्यालय के पुनर्स्थापना के लिए स्थानीय कंपनियों से सहयोग करने का आश्वासन दिया द्य इस कार्य हेतु परिषद के साथ-साथ राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन गोहद के अध्यक्ष श्री शैलेंद्र सोनी द्वारा आवश्यक सहयोग दिया गया एवं परिषद के सदस्य शिक्षक डीके गांधी द्वारा इस कार्य में भरपूर मदद दी गई द्य कार्यक्रम में परिषद से श्री जेपी अग्रवाल, श्री जगदीश नामधारी, राम अवतार गौर जसपाल कोरकू, एवं शाखा अध्यक्ष सचिंद्र कॉंकर उपस्थित थे इसके साथ साथ शाखा की ओर से मातृ शक्ति के रूप में श्रीमती दीपा भदौरिया, ब्रह्मा कुमारी आश्रम से बहिन ज्योति, अनामिका, अंजली एवम जीतू जी उपस्थित रहे ।

# नीट पेपर लीक के विरोध में कांग्रेस का मशाल जुलूस

**विद्यार्थियों के भविष्य से खिलवाड़ के विरोध में सड़क पर उतरे कांग्रेस कार्यकर्ता**




**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 16 मई।** नीट परीक्षा पेपर लीक एवं लाखों विद्यार्थियों के भविष्य के साथ हुए खिलवाड़ के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी के शहर अध्यक्ष धर्मेंद्र उर्फ पिंकी भदौरिया ने अपने कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ शहर में विशाल मशाल जुलूस निकाला। मशाल जुलूस शहर के धनवंतरी कॉम्प्लेक्स से प्रारंभ होकर परेड चौराहा होते हुए गोल मार्केट पहुंचा। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हाथों में मशाल लेकर विरोध प्रदर्शन किया और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। जुलूस में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं छात्र-युवा शामिल हुए। गोल मार्केट पहुंचकर शहर कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेंद्र उर्फ पिंकी भदौरिया ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि नीट परीक्षा पेपर लीक जैसी घटनाएं देश के लाखों मेहनती विद्यार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि लगातार हो रहे पेपर लीक और परीक्षा अनियमितताओं के कारण युवाओं में निराशा का माहौल बन रहा है। सरकार को ऐसे मामलों में जवाबदेही तय करनी चाहिए और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। शहर अध्यक्ष धर्मेंद्र उर्फ पिंकी भदौरिया ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि युवाओं, छात्रों और अभ्यर्थियों के हितों की रक्षा करने में सरकार पूरी तरह विफल रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस छात्रों के भविष्य और शिक्षा व्यवस्था की पारदर्शिता के लिए लगातार आवाज उठाती रहेगी। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नीट पेपर लीक मामले की निष्पक्ष जांच कराने, दोषियों को सख्त सजा देने एवं भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए ठोस व्यवस्था किए जाने की मांग की।

### कोर कमेटी की बैठक आयोजित

**भिंड।** भिंड जिले की कोर कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक प्रभारी मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल के भोपाल स्थित निवास पर संपन्न हुई। बैठक में जिले के विकास कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं संगठनात्मक विषयों को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधि सत्ता और संगठन के विचार भाव के साथ कार्य करने वाले निष्ठावान कार्यकर्ता हैं। हमारा दायित्व है कि सरकार की योजनाओं का लाभ आमजन तक प्रभावी रूप से पहुंचे और जनता से सीधा संवाद बना रहे। कार्यकर्ताओं को जनता के बीच जाकर उनकी समस्याएं सुननी चाहिए।

# अवैध रेत भंडारण पर प्रशासन की बड़ी कार्रवाई



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 16 मई।** अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन के खिलाफ लहार प्रशासन लगातार सख्त कार्रवाई कर रहा है। इसी क्रम में बीती रात प्रशासन को सूचना प्राप्त हुई कि लहार एवं दतिया जिले की सेवढ़ा तहसील सीमा पर अवैध रेत कारोबारियों द्वारा बड़ी मात्रा में रेत डंप कर रखी गई है, जिसे रात के समय छोटे वाहनों के माध्यम से विभिन्न स्थानों पर खपाया जाता है। सूचना के आधार पर तहसीलदार दीपक शुक्ला, नायब तहसीलदार सेवढ़ा आनंद सिंह भदौरिया, असवार थाना प्रभारी सुरेश मिश्रा मय पुलिस बल एवं पटवारी सुभान खान ने संयुक्त टीम बनाकर कार्रवाई की। टीम ने ग्राम इंगुई, महाराजपुरा एवं डूंडा क्षेत्र में पहुंचकर जेसीबी मशीन की मदद से अवैध रेत भंडारण स्थलों पर कार्रवाई करते हुए करीब 20 डंपर रेत के अवैध भंडार नष्ट कर दिए। प्रशासन के अनुसार जब्त एवं नष्ट की गई अवैध भंडारित रेत की बाजार कीमत लगभग 9 से 10 लाख रुपए आंकी गई है। करीब दो माह पूर्व भी एसडीएम विजय यादव के निर्देशन में तहसीलदार दीपक शुक्ला द्वारा गिरवासा खदान क्षेत्र में अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन रोकने के लिए कार्रवाई की गई थी। उस दौरान जेसीबी मशीन से नदी किनारे गहरे गड्ढे खुदवाए गए थे, ताकि अवैध खनन गतिविधियों पर रोक लगाई जा सके। साथ ही रेत माफियाओं द्वारा बनाया गया अस्थायी मिट्टी का पुल भी तोड़कर नष्ट कर दिया गया था।

एसडीएम विजय यादव ने बताया कि क्षेत्र में अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही ।

# जन चौपाल आयोजित, सड़क सुरक्षा को लेकर किया जागरूक



एसडीओपी प्रवीण त्रिपाठी ने आमजन से किया संवाद, समस्याएं भी सुनीं

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 16 मई।** आलमपुर थाना क्षेत्र के ग्राम गेंथरी में आमजन की समस्याओं के निराकरण एवं जनजागरूकता के उद्देश्य से जन चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एसडीओपी लहार प्रवीण त्रिपाठी ने ग्रामीणों से सीधा संवाद कर सड़क सुरक्षा, साइबर अपराध एवं कानून व्यवस्था को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की।

कार्यक्रम में थाना प्रभारी आलमपुर उपनिरीक्षक सोहनीश तोमर, ग्राम पंचायत गेंथरी के सरपंच एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष कप्तान सिंह कौरव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। एसडीओपी प्रवीण त्रिपाठी ने वाहन चालकों, युवाओं, महिलाओं एवं विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा नियमों के पालन की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनना अनिवार्य है, वहीं चार पहिया वाहन में सीट बेल्ट का उपयोग जरूर करें।

उन्होंने वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग न करने, नशे की हालत में वाहन न चलाने तथा निर्धारित गति सीमा का पालन करने की समझाइश दी। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों का पालन कर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकती है और स्वयं व परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकती है। जन चौपाल में साइबर अपराध एवं साइबर धोखाधड़ी के मामलों को लेकर भी आमजन को जागरूक किया गया। एसडीओपी ने ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल, ह्ळ्ळक्क शेयर करने के खतरे, बैंक खातों से संबंधित धोखाधड़ी, सोशल मीडिया हैकिंग, फर्जी लिंक, त्त्क्र कोड स्कैनिंग फ्रॉड, लॉटरी और केवाईसी अपडेट के नाम पर होने वाली ठगी के प्रति सतर्क रहने की सलाह दी। उन्होंने नागरिकों को समझाया कि किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ बैंक संबंधी जानकारी, एटीएम कार्ड नंबर, ओटीपी साझा न करें और किसी संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने से बचें।

कार्यक्रम में बताया गया कि साइबर ठगी होने की स्थिति में तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं और निकटतम पुलिस थाना को सूचना दें, ताकि समय रहते कार्रवाई हो सके।

# पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने दिए सख्त निर्देश

**निर्माण कार्यों, नरेगा, पीएम आवास और जल गंगा संवर्धन अभियान की प्रगति पर हुई समीक्षा**



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 16 मई।** कलेक्टर किरोड़ी लाल मीणा की अध्यक्षता में पंचायत एवं ग्रामीण विकास की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत भिंड, समस्त जनपद पंचायतों के सीईओ सहित विभागीय वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

**पूर्ण और अपूर्ण कार्यों की ली जानकारी:** बैठक के दौरान कलेक्टर ने विभाग के अंतर्गत संचालित विभिन्न निर्माण कार्यों की गहन समीक्षा करते हुए पूर्ण एवं अपूर्ण कार्यों की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित की जाए।

**खेत तालाब निर्माण पर विशेष जोर:** कलेक्टर ने जल गंगा संवर्धन अभियान 2025-26 एवं 2026-27 के अंतर्गत संचालित खेत तालाब निर्माण कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि कार्यों में आ रही विसंगतियों को दूर करते हुए आपसी समन्वय बनाकर योजनाओं को गति दी जाए।

**नरेगा के लंबित कार्य इसी माह पूर्ण करने के निर्देश:** महात्मा गांधी नरेगा के अंतर्गत लंबित कार्यों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी पेंडिंग कार्य इसी माह पूर्ण किए जाएं। साथ ही मां की बगिया योजना के अंतर्गत पूर्ण एवं अपूर्ण कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि स्व-सहायता समूहों से पौध तैयार करवाकर उन्हीं से पौधों की खरीद सुनिश्चित की जाए।

**'एक बगिया मां के नाम' अभियान बारिश से पहले पूरा करें:** कलेक्टर ने 'एक बगिया मां के नाम' अभियान के तहत सभी कार्य शत-प्रतिशत बारिश से पहले पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अमृत सरोवर निर्माण कार्य ऐसे किए जाएं कि उनमें गर्मी के मौसम में भी पानी उपलब्ध रहे। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने निर्देश दिए कि छूटे हुए पात्र हितग्राहियों का चयन कर उन्हें योजना का लाभ दिया जाए। साथ ही जिन हितग्राहियों के आवास स्वीकृत हो चुके हैं, उनके निर्माण की चरणबद्ध जांच कर नियमानुसार राशि जारी की जाए।

**डोंगल और लॉगिन आईडी के दुरुपयोग पर जिम्मेदारी तय:** कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन अधिकारी एवं कर्मचारियों को डोंगल और लॉगिन आईडी उपलब्ध कराई गई है, यदि वे किसी अन्य व्यक्ति से कार्य करवा रहे हैं तो किसी भी त्रुटि की स्थिति में संबंधित अधिकारी स्वयं जिम्मेदार होंगे। उन्होंने निर्देशित किया कि ग्राम पंचायतों में सभी सचिवों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। जनपद पंचायत सीईओ को निर्देश दिए गए कि पंचायतों का निरीक्षण कर सचिवों की उपस्थिति जांचें और अनुपस्थित पाए जाने पर कार्रवाई करें।

कलेक्टर ने कहा कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता से किसी भी स्तर पर समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने जनपद सीईओ को निर्देश दिए कि वे दूसरों पर निर्भर रहने के बजाय स्वयं मौके पर जाकर कार्यों का निरीक्षण करें। उन्होंने कहा कि अधिकारी यदि नियमित रूप से फील्ड में जाएंगे तो कार्य स्वत: बेहतर गुणवत्ता के साथ पूर्ण होंगे।

# बीरमपुर में टीकाकरण सत्र एवं उप स्वास्थ्य केंद्र धोबनी का किया निरीक्षण




**नवभारत न्यूज**
**विजयपुर 16 मई।** कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा के निर्देशानुसार श्रीमान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ दिलीप सिंह सिकरवार के निर्देश एवं जिला मलेरिया अधिकारी डॉ एस एन बिन्दल के निर्देशन मे ग्राम बीरमपुर में टीकाकरण सत्र एवं उप स्वास्थ्य केंद्र धोबनी का निरीक्षण करने के साथ सी एच जीतेन्द्र सैनी एवं ए एन एम सुनीता जाटव को मलेरिया नियंत्रण के लिए बुखार रोगियों की जाँच करने के निर्देश देने के साथ उपस्थित जन समुदाय में समुदाय बैठक कर समुदाय को मच्छरों एवं मलेरिया के नियंत्रण के बारे में विस्तार से समझाइश दी की आगे आने वाले समय में मलेरिया से बचाव हेतु घर एवं आस पास अनवश्यक पानी का जमाव ना होने दें और मच्छरदानी में सोये, शाम के समय घर के अंदर नीम की पत्तिओं का धुँआ करने की सलाह दी गई मलेरिया रोग के लक्षण, जांच,एवं उपचार की ।

जानकारी देते हुए बताया गया कि कोई भी बुखार मलेरिया हो सकता है इसलिए बुखार आने पर तुरंत खून की जाँच करायें एवं सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें ले इस हेतु ग्रामीणों को मच्छरदानी के इस्तेमाल के बारे में समझाया इस अवसर पर बी एम ओ डॉ राघवेंद्र कर्ण एवं एमटी एस साहिब कुरैशी उपस्थित रहे

# किंग इंपिरियल होटल में गूंजा म्यूचुअल फंड का मंत्र

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड 16 मई।** एनजे इंडिया इन्वेस्ट प्राइवेट लिमिटेड द्वारा म्यूचुअल फंड अवेयरनेस प्रोग्राम का भव्य आयोजन भिंड के किंग्स इंपिरियल होटल में किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व कंपनी के ब्रांच हेड विपुल सिंह चौहान ने किया। इस अवसर पर यूनिट मैनेजर साकेत दीक्षित सहित म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर्स कुंजबिहारी मिश्रा, मनोज कुमार गुप्ता, संजय कुशवाह, पंकज चौरसिया एवं अरुण सिंह ने सक्रिय रूप से सहभागिता निभाई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों के बीच म्यूचुअल फंड निवेश के प्रति जागरूकता फैलाना और युवाओं को बेहतर फाइनेंशियल प्लानिंग के लिए प्रेरित करना रहा। सेशन के दौरान निवेश के फायदे, बचत की आदत, भविष्य की आर्थिक सुरक्षा और व्यवस्थित निवेश योजना पर विस्तार से चर्चा की गई।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लिया और म्यूचुअल फंड निवेश को लेकर खासा उत्साह दिखाई दिया। विशेषज्ञों द्वारा दी गई जानकारी से प्रभावित होकर कई लोगों ने मौके पर ही निवेश की शुरुआत भी की। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने कहा कि आज के समय में सही निवेश और वित्तीय जागरूकता ही आर्थिक मजबूती की सबसे बड़ी कुंजी है। सफल आयोजन को लेकर प्रतिभागियों ने भी कार्यक्रम की सराहना की।

# राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर विकासखंड विजयपुर में कार्यशाला

**नवभारत न्यूज**
**विजयपुर 16 मई ।** राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर विकासखंड विजयपुर में डेंगू नियंत्रण एवं उन्मूलन के उद्देश्य से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विजयपुर सहित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अगरा, बीरपुर, में कार्यशालाओं, हस्ताक्षर अभियान, डेंगू मुक्त विजयपुर बनाने हेतु शपथ ग्रहण कार्यक्रम एवं पंपलेट वितरण के माध्यम से व्यापक जन-जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों में आशा कार्यकर्ता, स्वास्थ्य विभाग का मैदानी अमला एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विजयपुर में आयोजित कार्यशाला में बी एम ओ डॉ कमल खरे द्वारा डेंगू की रोकथाम, नियंत्रण एवं उन्मूलन के विभिन्न उपायों पर विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि डेंगू एक पूर्णत: रोकथाम योग्य बीमारी है, जिसके प्रभावी नियंत्रण के लिए सामुदायिक सहभागिता अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर सेक्टर मेडीकल ऑफिसर डॉ अरविन्द किरार,डॉ प्रमोद गहलोत, बीपीएम दिलीप डंडोतिया,एम टी एस साहिब कुरैशी, बी सी एम कमल किशोर सहित स्वास्थ्य विभाग का स्टाफ एवं आशा कार्यकर्ताएं उपस्थित रहीं। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अगरा में आयोजित कार्यशाला में चिकित्सा अधिकारी डॉ ऋषिराज शर्मा के नेतृत्व मैं स्वास्थ्य विभाग का स्टाफ एवं आशा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इसी प्रकार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बीरपुर में आयोजित कार्यक्रम में डॉ प्रदीप जादौन सहित समस्त स्टॉफ मौजूद रहा । सभी कार्यशालाओं में डेंगू उन्मूलन हेतु कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही, हस्ताक्षर अभियान एवं शपथ ग्रहण के माध्यम से सभी उपस्थितों ने 'डेंगू मुक्त विजयपुर ' बनाने का संकल्प लिया। इसके साथ ही, सभी स्थानों पर डेंगू से बचाव एवं रोकथाम संबंधी जानकारी देने हेतु जनसामान्य को पंपलेट वितरित किए गए, जिससे आमजन में जागरूकता बढ़ाई जा सके।

सभी कार्यक्रमों में यह संदेश दिया गया कि डेंगू से बचाव संभव है, बशर्ते समय पर जांच, उपचार एवं रोकथाम के उपायों को अपनाया जाए। 'डेंगू मुक्त विजयपुर ' के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए जन-सहभागिता एवं सामूहिक प्रयास अत्यंत आवश्यक है।

### सर्प के काटने से महिला की मौत

विजयपुर क्षेत्र के ग्राम ऊमरी निवासी सुरक्षा धाकड़ (30 वर्ष) पत्नी हाकिम धाकड़ की सर्प के काटने से दर्दनाक मौत हो गई।परिजन गंभीर हालत में महिला को निजी वाहन से स्वास्थ्य केंद्र विजयपुर लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।